## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू
## सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू

संख्या: नराकास/जम्मू/बैठक/2017-18/राभा. दिनांक: 22.06.2018

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की अर्द्धवार्षिक बैठक दिनांक 21 जून, 2018 को सायं 3.00 बजे सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कान्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू की अर्द्धवार्षिक बैठक दिनांक 21 जून, 2018 (बृहस्पतिवार) को अपराह्न 3.00 बजे सीएसआईआर-भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक एवं नराकास, अध्यक्ष श्री रजनीश आनन्द ने की। इस अवसर पर ब्रिगेडियर रघु सढोत्रा जी, उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय, नहर मार्ग, जम्मू, डॉ. कृष्णा कुमारी, प्रभारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदीय मूत्रविकार अनुसंधान संस्थान, बनतालाब, जम्मू, डॉ. शरद चन्द्र शर्मा, प्राचार्य, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थानम्, जम्मू, श्री वी.के.बक्शी, उपनिदेशक, कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा), जम्मू एवं नराकास के केन्द्रीय कार्यालयों के सभी कार्यालयाध्यक्ष/राजभाषा अधिकारी/हिन्दी अधिकारी/हिन्दी अनुवादक/प्रिन्ट व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी संवाददाता तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित कार्यालय प्रमुखों एवं उपस्थित अधिकारियों का स्वागत डॉ. रमा शर्मा, हिन्दी अधिकारी एवं सचिव, नराकास, जम्मू ने किया। उन्होंने अपने स्वागत संबोधन में सभी मंचस्थ एवं अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए मंचस्थ अध्यक्ष महोदय को आमंत्रित किया कि वे कार्यक्रम व बैठक का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत् शुभारंभ करें तथा मंच पर बैठे सभी अधिकारियों से भी निवेदन है कि वे भी अध्यक्ष महोदय का साथ दें। दीप प्रज्ज्वलन हेतु कु. ज्योति ने सहायता की। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्रवाई आरम्भ की गई। तदुपरान्त बैठक में प्रथम अक्टूबर, 2017 से 31 मार्च, 2018 के दौरान सभी सदस्य कार्यालयों के हिन्दी कार्यान्वयन संबंधी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा प्रस्तुत की। बैठक का मुख्य उद्देश्य केन्द्रीय कार्यालयों में हिन्दी का उत्तरोत्तर विकास करना तथा जम्मू 'ग' क्षेत्र को राजभाषा की प्रगति की ओर अग्रसर करने की दिशा में रहा ।

तत्पश्चात् बैठक में उपस्थित सदस्यों के परिचय के साथ ही अर्द्धवार्षिक बैठक की कार्रवाई आरम्भ हुई। सदस्य-सचिव ने गत बैठक के कार्यवृत्त पर कोई आपत्ति एवं प्रतिक्रिया न मिलने पर

 संजय

सचिव ने अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन एवं सर्वसम्मति से गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की घोषणा की।

तदुपरान्त प्रथम अक्टूबर, 2017 से 31 मार्च, 2018 के दौरान प्राप्त दोनों प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा का संक्षिप्त ब्यौरा सदस्य कार्यालयों के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमें विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टें की स्थिति इस प्रकार है:-

**सदस्य कार्यालयों की 31 दिसम्बर, 2017 एवं 31 मार्च, 2018 तक विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्टो का विवरण इस प्रकार से है:-**

1. कार्यालय महानिरीक्षक, के.रि.पु.बल जम्मू सेक्टर, बनतालाब, जम्मू
2. कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, के.रि.पु. बल, रेंज, जम्मू
3. कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, बनतालाब, जम्मू
4. कार्यालय कमाण्डेंट-166 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, न्यू.पी.सी.आर कैंप, सिदड़ा, जम्मू
5. कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), जम्मू व कश्मीर, जम्मू
6. कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, उत्तरी कमान, नरवाल पाई, सतवारी, जम्मू
7. क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, पंजतीर्थी, जम्मू
8. रेलवे भर्ती बोर्ड, जम्मू-श्रीनगर, रेलवे कॉलोनी, जम्मू
9. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, डॉ. अम्बेडकर रोड, जम्मू
10. कार्यालय छावनी परिषद, जम्मू
11. कार्यालय महालेखाकार (ले.व.ह.), जम्मू व कश्मीर, जम्मू
12. सेक्टर मुख्यालय, के.रि.पु. बल, बनतालाब, जम्मू
13. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, ट्रांसपोर्ट नगर, जम्मू
14. केन्द्रीय विद्यालय नं. 1, अखनूर , जम्मू
15. 23 विंग, वायु सेना द्वारा 56 सेना डाकघर
16. रेशम अनुकूलन एवं परीक्षण गृह, वस्त्र परीक्षण प्रयोगशाला, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, मीरासाहिब, जम्मू
17. केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, गाँधी नगर, जम्मू
18. भारतीय समवेत औषध संस्थान, केनाल रोड, जम्मू
19. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू
20. कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, जम्मू एवं कश्मीर सर्किल, जम्मू
21. क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केन्द्र, मीरासाहिब, जम्मू
22. कोयला खान भविष्य निधि क्षेत्रीय आयुक्त का कार्यालय, शास्त्री नगर, जम्मू
23. रक्षा संपदा, उत्तरी कमान, नरवाल पाई, सतवारी, जम्मू
24. एन.सी.सी.निदेशालय, जम्मू व कश्मीर, जम्मू

संजय

25. रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, 157-ए, गाँधी नगर, जम्मू
26. क्षेत्रीय आयुर्वेदीय मूत्रविकार अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्र नगर, बनतालाब, जम्मू
27. एन.एच.पी.सी.लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, जेडीए कमर्शियल कॉम्पलेक्स, नरवाल, जम्मू
28. एन.एच.पी.सी.लिमिटेड, दुलहस्ती पावर स्टेशन, किश्तवाड़, जम्मू
29. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, सतवारी कैन्ट, जम्मू
30. कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, के.रि.पु.बल, हीरानगर (नगरोटा) जम्मू
31. कार्यालय उपनिदेशक लेखा परीक्षा, रक्षा सेवाएं, उत्तरी कमान, नरवाल पाई, सतवारी, जम्मू
32. पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, ग्रिड भवन, जम्मू
33. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सिविल विमान क्षेत्र, जम्मू
34. केन्द्रीय विद्यालय नं. 2, अखनूर , जम्मू
35. जनगणना कार्य निदेशालय, कृष्णा नगर, जम्मू
36. प्रधान आयकर आयुक्त, जम्मू व कश्मीर, आयकर भवन, रेल हेड कॉम्पलेक्स, जम्मू
37. कार्यालय महानिरीक्षक (चिकित्सा), चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त चिकित्सालय, के.रि.पु.बल, बनतालाब, जम्मू
38. मंडल यातायात प्रबंधक, उत्तरी रेलवे, जम्मू तवी
39. कार्यालय क्षेत्रीय श्रमायुक्त (के.), जम्मू
40. राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय, जम्मू व कश्मीर, जम्मू
41. भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, रेल हैड कॉम्पलेक्स, जम्मू
42. कार्यालय कमाण्डेंट-116 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, मार्फत 56 ए.पी.ओ., जम्मू
43. प्रसार भारती, दूरदर्शन केन्द्र, जम्मू

**मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा के दौरान कार्रवाई सुनिश्चित् करवाने के उद्देश्य से सदस्यों को जानकारी दी।**

1. प्रशिक्षण, टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण के लिए सभी केन्द्रीय कार्यालय/बैंकों/उपक्रमों के कार्यालध्यक्षों से अनुरोध है कि वे प्रशिक्षण शीघ्रातिशीघ्र दिलाकर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, हिन्दी शिक्षण योजना हिन्दी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण के लिए प्राध्यापक, सेक्टर-6, बबलियाना रोड, गंग्याल, जम्मू से सम्पर्क करें।

2. धारा 3(3) के अनुपालन में सदस्य कार्यालयों की रिपोर्ट की समीक्षा के आधार पर पता चला है कि लगभग सभी कार्यालयों में धारा 3(3) का अनुपालन किया जा रहा है। लेकिन तीन कार्यालयों ने कुछ कागज़ात केवल अंग्रेजी में जारी करके धारा 3(3) का उल्लंघन किया है। जैसे कोयला खान भविष्य निधि, शास्त्री नगर, जम्मू, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, सतवारी कैन्ट, जम्मू, जनगणना कार्य निदेशालय, कृष्णा नगर, जम्मू ।

उपर्युक्त सभी कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि धारा 3(3) का अनुपालन शतप्रतिशत सुनिश्चित् करवाएं।

3. हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में देना (100 प्रतिशत) अनिवार्यत: हिन्दी में ही दिए जाएं।

4. मूल पत्राचार (लक्ष्य 55 प्रतिशत) सभी सदस्य कार्यालयों द्वारा प्राप्त रिपोर्टो की समीक्षा के दौरान पाया गया कि सभी कार्यालयों में हिन्दी मूल पत्राचार की स्थिति सन्तोषजनक है और कार्यशालाओं का आयोजन लगभग सभी सदस्य कार्यालय समय-समय पर कर रहे हैं।

5. पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन – राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में उपयुक्त वातावरण बनाने एवं अधिकारियों/कर्मचारियों में सृजनात्मकता का विकास करने के लिए पत्र पत्रिकाओं के प्रकाशन का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है: पी.एन.बी., जम्मू की 'त्रिकुटा', रेडियो कश्मीर, जम्मू 'तविषि', केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू की 'उत्तरवाहिनी', आयकर आयुक्त का कार्यालय, जम्मू की 'आयकर शिखर' तथा नराकास, जम्मू समिति कार्यान्वयन की 'ज्ञानवार्ता' नामक पत्रिकाएं प्रकाशित करने वाले कार्यालयों का यह प्रशंसनीय कार्य है।

6. हिन्दी पदों की स्थिति – नराकास के सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध है कि हिन्दी से सम्बन्धित रिक्त पदों को भर लिया जाए। रिक्त पदों का प्रभाव राजभाषा कार्यान्वयन पर प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से पड़ता है। मानव संसाधन के अभाव में राजभाषा हिन्दी का कार्यान्वयन अपेक्षित गति प्राप्त नहीं कर पाता। अत: जिन कार्यालयों में हिन्दी पद कई वर्षो से रिक्त पड़े है उन्हें शीघ्र कार्यवाही करके हिन्दी पदों को भर लिया जाए।

7. सभी कार्यालयध्यक्षों/कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि अंशदान राशि समय रहते प्राप्त नहीं हो रहे है। जिससे आगामी बैठक में पत्रिका प्रकाशन एवं शील्ड इत्यादि हेतु कार्य असम्भव होगा। अत: इस मंच के माध्यम से मैं पुन: आग्रह करती हूँ कि बड़े कार्यालय चार हजार की वार्षिक राशि और जो छोटे-छोटे कार्यालय कम से कम दो हजार रूपये वार्षिक अंशदान के रूप में नराकास, जम्मू के खाते में अथवा चैक द्वारा भिजवाएं ताकि सदस्यों द्वारा जो सुझाव आया था और यह कार्य निर्बाध गति से अभी तक चलता भी आ रहा है और इसे निरन्तर सात वर्षो से कार्यान्वित किया जा रहा है। परन्तु आगे परिस्थितियां नहीं है कि ऐसे हालात में सम्भव नहीं होगा।

## राजभाषा नीति कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित पर कार्रवाई सुनिश्चित् करवाएं:-

1. तिमाही प्रगति रिपोर्ट गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्या-1(दिल्ली), ए-149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली को ऑनलाइन भेजी जाएं।

2. सदस्य सचिव, नराकास ने बैठक में सभी सदस्य कार्यालयों को बताया कि जम्मू नगर में तीन नराकास समितियां बन गई हैं जिसमें 125 कार्यालय नराकास, जम्मू के अन्तर्गत आते हैं।

3. नराकास की बैठक में कार्यालयाध्यक्ष भाग लें। संबंधित राजभाषा अधिकारी/अनुवादक प्रधान अधिकारियों की मदद के लिए बैठक में आ सकते हैं।

4. सभी कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियां कार्यालय अध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित की जाएं और इसकी बैठकें प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से की जाए और कार्यवृत्त नराकास कार्यालय को भी भिजवाएं।

5. ब्रिगेडियर रघु सढोत्रा जी, उपमहानिदेशक, राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय, नहर मार्ग, जम्मू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए अपनी मानसिकता बदलनी होगी और अपने कार्यालयों में हिन्दी के कार्यक्रमों को समय-समय पर करवाएं।

6. डॉ. कृष्णा कुमारी, प्रभारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदीय मूत्रविकार अनुसंधान संस्थान, बनतालाब, जम्मू ने अपने संस्थान में हो रहे क्रिया-कलापों को सुचारू रूप से करने पर बल दिया।

7. श्री वी.के.बक्शी, उपनिदेशक, कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा), जम्मू ने अपने संक्षिप्त विचार प्रस्तुत किए।

8. डॉ. शरद चन्द्र शर्मा, प्राचार्य, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थानम्, जम्मू ने श्लोक के माध्यम से लोगों को हिन्दी भाषा के महत्व को बताया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक एवं नराकास अध्यक्ष श्री रजनीश आनन्द जी ने कहा कि नगर के सभी केन्द्रीय कार्यालयों के उपस्थित कार्यालय प्रमुख एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का संस्थान एवं नराकास मंच की ओर से सबका हार्दिक स्वागत करता हूँ। जिसमें समिति के सभी सदस्य कार्यालयों के हिन्दी से संबंधित कार्यालयाध्यक्षों, नोडल अधिकारियों एवं राजभाषा अधिकारियों से अनुरोध है कि कृपया बैठक में खर्च होने वाले पैसे को समय-समय से भिजवाएं ताकि पत्रिका का समय से प्रकाशन किया जा सके। जम्मू नगर में राजभाषा की प्रगति में आप सभी महती भूमिका है, मैं आशा करता हूँ कि आप सभी के सहयोग से इस क्षेत्र में राजभाषा हिन्दी का कार्य दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

अन्त में संस्थान के श्री के.सी.पालीवाल, वित्त एवं लेखा अधिकारी ने धन्यवाद किया।

संजय शर्मा
सदस्य-सचिव
नराकास, जम्मू

श्री रजनीश आनंद
कृते अध्यक्ष
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जम्मू